रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-1289/2025/669/22-2-2023-17(1180)/2023

लखनऊ: दिनांक: 04 नवम्बर, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते जिला कारागार, शाहजहाँपुर में निरूद्ध सिद्धदोष महिला बन्दी कुसुमा देवी (बन्दी संख्या-231/2019) पत्नी श्री वेदराम, निवासी-बरखीमई, थाना-परौर, जनपद-शाहजहाँपुर, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-167/2016 में भा0द0वि0 की धारा-498ए, 304बी, 201 व 3/4 डीपी एक्ट में मा० न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय सं०-02, शाहजहांपुर के दण्डादेश दिनांक 05.07.2019 द्वारा 10 वर्ष का कारावास की सजा से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 02.08.2022 तक अपरिहार 03 वर्ष, 09 माह, 15 दिन तथा सपरिहार 04 वर्ष, 07 माह, 21 दिन की सजा भोगी गयी है, सन्तोषजनक जेल आचरण तथा दयायाचिका समिति द्वारा की गयी संस्तुति के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहाँपुर के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश मिश्र

संयुक्त सचिव।

संख्या-1289/2025/669(1)/22-2-2023 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहाँपुर ।
3- पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर।
4- अधीक्षक, जिला कारागार, शाहजहाँपुर ।
5- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ममता श्रीवास्तव

अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।